तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

13 सम और विषम विचार सुख और दुख देते हैं और तटस्थ भाव से ...

14 गायत्री शक्ति पीठ के सम्मान समारोह में बच्चों स्वागत...




## खबर संक्षेप



### रामदेव मंदिर में 29 को चंद्रदर्शन महाआरती

**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर में 29 अप्रैल को चंद्रदर्शन महाआरती का आयोजन मंदिर परिसर में संध्या 7:30 बजे से रखा गया है। मंदिर समिति प्रमुख बाबूलाल जैन ने समस्त भक्तजनों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### कर्मा महोत्सव व भामाशाह जयंती पर शोभायात्रा आज

**गुण्डरदेही।** तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं दानवीर भामाशाह जयंती साहू सदन गुण्डरदेही मे आज 29 अप्रैल को मनाया जाएगा। जहां सैकड़ो समाजिक महिलाए द्वारा सुबह नगर मे कलश शोभा यात्र निकाली जाएगी। वही कार्यक्रम मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू होगे। अध्यक्षता बालोद जिला साहू संघ के अध्यक्ष सोमन साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि तोमन साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, दीपक ताराचंद सहित समाज अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### जैन श्री संघ की नई कार्यकारणी घोषित

**बालोद।** जैन श्री संघ बालोद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने अपनी कार्यकारणी की घोशणा की। उन्होने वृहद



कार्यकारिणी बनाई है, उनकी कार्यकारणी मे अनुभवी वरिष्ठों के सांथ युवाओं को भी स्थान दिया गया है जिससे कि अधिक लोगों का सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों मे संरक्षक खेतमल श्रीश्रीमाल, गुलाबचंद नाहटा, कंवरलाल रतनबोहरा, सलाहकार मंडल में ओमप्रकाश टाटिया, रूपचंद गोलछा, हरीश सांखला, रमेश बाफना, मनीष कोठारी, यशवंत श्रीश्रीमाल, अभय लालवानी, त्वरित पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष सोहन श्रीश्रीमाल, चेतन ढ़ेलडिया, मुकेश भंसाली, सचिव मांगी लाल ढ़ेलडिया, सहसचिव नीलेश नाहटा, कोषाध्यक्ष प्रकाश भंसाली, भवन प्रभारी संजय ढ़ेलडिया, प्रदीप चौरड़िया, संत विहार सेवा प्रभारी प्रमोद गोलछा, धनदत्त बाघमार, कमल पारख, प्रचार प्रसार विनोद श्रीश्रीमाल, आय व्यय लेखा सीए लक्की लोढ़ा, कार्यकारिणी सदस्य राजेश टाटिया, सुभाष चोपड़ा, अरुण बाफना, तरुण नाहटा, राकेश बाफना, हेमंत बाफना, प्रवीण रतन बोहरा, मयंक लोढ़ा।

### गांजा बेचते महिला को गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस ने कुम्हारी में अवैध गांजा बेचने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1 किलो 120 ग्राम गांजा जब्त कर नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जब्त गांजा की की कीमत सात हजार रुपए बताई गई है। उप निरीक्षक डीएल साहू थाना कुम्हारी को मुखबिर से शांति बाई वार्ड 15 कुम्हारी द्वारा अवैध गांजा बेचने की अवैध गांजा बेंचने की सूचना मिली थी। पुलिस ने रूप नगर वार्ड नंबर 15 सार्वजनिक शौचालय के पास आरोपिया शांति बाई पति स्व. रायलो बेसरा उम्र 65 वर्ष के कब्जे से अवैध गांजा जब्त किया। पुलिस ने शनिवार को आरोपिया को धारा 20 (ख) (ii)(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# जैन समाज व उदायचल ने 300 लोगों की नेत्र जांच कराई, पंछियों के लिए सकोरे बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जैन समाज और उदयाचल के संयुक्त तत्वाधान में 300 लोगो के आंखों की जांच हुआ। कार्यक्रम मे जैन युवा शक्ति द्वारा मिशन जीव दया के तहत सभी आगंतुकों को आंखों की जांच के बाद पक्षियों के लिए दाना पानी हेतू मिट्टी के सकोरे बांटे गए।

जैन श्री संघ बालोद एवं उदयाचल राजनांदगांव के संयुक्त प्रयास से स्थानीय महावीर भवन में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 से अधिक लोगो का मशीन पद्धति से आंखों की जांच की गई। वहीं जैन युवा शक्ति के मिशन जीव दया के तहत भीषण गमएँ को देखते हुए सभी मरीजों के आंखों की जांच के बाद पक्षियों के लिए दाना पानी हेतू मिट्टी के सकोरे बांटे गए एवं अपने घरों के छत पर रखने का आग्रह किया गया जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी उपाध्यक्ष कमलेश सोनी एवं पार्षदों को सकोरे बांटकर घर तथा नगर पालिका कार्यालय में रखने का निवेदन जैन युवा शक्ति के सदस्यों ने किया।

जैन समाज के इस कार्य की सराहना करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि जैन समाज नर सेवा को नारायण सेवा मानकर लोगो की सेवा में हमेशा अग्रणी रहता है, पशु पक्षियों की चिंता भी करना सबका धर्म है।

### नर सेवा ही नारायण सेवा : पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी





**ये रहे मौजूद**

उक्त आयोजन में जैन श्री संघ के संरक्षक डॉ प्रदीप जैन, अध्यक्ष ताराचंद सांखला, सचिव मांगीलाल ढ़ेलडिया, संघ के वरिष्ठ सदस्य गुलाबचंद नाहटा, मूलचंद रतनबोहरा, नगर पालिका के सभापति दीपक लोढा, पार्षद गिरिजेश गुप्ता, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, संजय ढ़ेलडिया, प्रकाश भंसाली, लक्की लोढा, मुकेश भंसाली, प्रदीप गोलू चौरड़िया, जैन युवा शक्ति के अध्यक्ष शुभम नाहटा, सचिव शुभम श्रीश्रीमाल, आनंद बाफना, दशएॅल चौरड़िया सहित समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## मौसम

**मौसम विभाग बारिश की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया**

# तेज बारिश व ओलावृष्टि से फसलें हुईं तबाह, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भीषण गर्मी से जूझ रहे दल्लीराजहरा अंचल में रविवार देर रात से मौसम ने अचानक करवट ले ली। तपती दोपहर के बाद क्षेत्र में तेज आंधी, झमाझम बारिश और कई स्थानों पर ओलावृष्टि ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया।

जहां एक ओर लोगों ने चिलचिलाती गर्मी से राहत की सांस ली, वहीं किसानों के लिए यह बारिश आफत बनकर आई है। खेतों में खड़ी फसलें तेज बारिश और ओलों की मार से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक इसी तरह के मौसम बने रहने की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय गेहूं, चना और सब्जियों जैसी रबी फसलें परिपक्व अवस्था में थीं, ऐसे में तेज बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। लगातार बारिश की वजह से खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे फसलों की अपूरणीय क्षति की आशंका गहरा गई है।





### मौसम में आए अचानक बदलाव से लोगों को तपती गर्मी से मिली राहत

**डौंडीलोहारा।** नगर में शनिवार की रात्रि लगभग साढ़े नौ व दस बजे के बीच तेज ठंडी हवा चलने के बाद रिमझिम बारिश हुई जिससे मौसम खुशनुमा हो गया था। रविवार को रात्रि में पुनः रिमझिम बारिश हुई। जिससे रविवार सुबह का मौसम ठंडा व शानदार हो गया था।सुबह सुबह मॉर्निंग वाक करने वालों को भी ठंडी ठंडी हवा में वाक करने में आनन्द की अनुभूति हुई। तेज व भीषण गर्मी से लोग हलाकान हो रहे थे। सुबह से ही गर्मी व तेज तपिश शुरू हो जाती है।



लेकिन शनिवार की रिमझिम बारिश व ठंडी हवा चलने से रविवार को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली। सुबह सुबह काफ़ी देर तक बादल छाए रहने से राहत मिली वही दोपहर बाद पुनः तेज धूप व गर्मी से लोग हलाकान होते रहे। सोमवार शाम को समाचार लिखे जाने तक हल्की बारिश प्रारंभ हो गई थी।

### गरमी से राहत मिली

स्थानीय प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सर्वे टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जा सके। हालांकि कुछ इलाकों में वज्रपात (आकाशीय बिजली गिरने) की घटनाएं भी सामने आई हैं, लेकिन राहत की बात यह है कि अब तक किसी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं मिली है। इस अचानक आए मौसम परिवर्तन ने दल्लीराजहरा और आसपास के क्षेत्रवासियों को भले ही गर्मी से राहत दी हो, लेकिन किसानों के लिए यह एक बड़ी मुसीबत का सबब बन गया है। खेतों में खड़ी मेहनत एक ही झटके में बर्बाद होने से अन्नदाताओं के चेहरे पर चिंता की गहरी लकीरें साफ देखी जा सकती हैं।

# सूअर मांस बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरूर वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन विभाग की टीम ने जंगली सुवर के मांस की तस्करी करने के सेदेह मे दो आरोपियो को कथित रुप से सुवर के मांस के सांथ गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही बड़भूम सहायक वन परिक्षेत्र के ग्राम नारागांव के जंगल क्षेत्र मे की गई है।

वन विभाग बालोद की विशेष टीम ने दबिश देकर दो युवकों दमेश देवार 33 वर्श व गोलू ठाकुर 21 वर्श को पकड़ा है उनके पास से लगभग 20 किलो सुवर का मांस, मिला है, माना जा रहा है कवह जंगली सुवर का मांस है। मामले मे एक मोटर सायकल तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है, प्रारंभिक पूछताछ मे सामने आया है कि तस्कर लंबे समय से इस अवैध गतिविधि मे संलिप्त थे और मोटी कमाई के उद्दे"य से जंगली सुवरो का शिकार कर रहे थे, बताया जा रहा है तस्कर दुर्ग जिले के पौवारा गांव से बालोद जिले मे पहुंचकर तस्करी करते थे। वन अधिकारियो के अनुसार जंगलो मे जंगली जीवो



के शिकार और अवैध मांस व्यापार की घटनाओ पर लगातार नजर रखी जा रही थी, सूचना मिलते ही विभाग ने तत्काल कार्यवाही करते हुए दोनो आरोपियो को धर दबोचा, गिरफ्तार आरोपियो के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। मामले मे जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि जब्त मांस जंगली सुवर का है कि नही।

विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कही भी वन्य जीवो के शिकार या तस्करी की जानकारी मिले तो तुरंत विभाग को सूचित करे ताकि समय पर सख्त कार्यवाही की जा सके।

# पुष्पलता सरपंच संघ की अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

जनपद पंचायत सभागार में 27 अप्रैल दिन रविवार को ब्लाक सरपंच संघ का निर्वाचन सम्पन्न हुआ जिसमें निर्वाचन अधिकारी के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती कांति प्रकाश सोनवर्षा एवं जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर व टीनेश्वर बघेल व पूर्व सरपंच श्रीमान निरंजन साहू जी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन में 102 ग्राम पंचायत के सरपंच उपस्थित हुए जिसमें 4 सरपंच ने अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन पत्र भरा जिसमें श्रीमती अंजनी कोठारी सरपंच ग्राम पंचायत कोचेरा , श्रीमती पोषण बाई तारम सरपंच ग्राम पंचायत रानाखुज्जी, ईश्वर चन्द्रकार सरपंच ग्राम पंचायत मुड़खुसरा व श्रीमती पुष्पलता बघेल सरपंच ग्राम पंचायत हथौद थे। पुष्पलता बघेल भारी बहुमत से



सरपंच संघ का अध्यक्ष चुनी गई। ज्ञात हो कि श्रीमती पुष्पलता बघेल भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद (छ.ग.) कि सक्रिय कार्यकर्ता व पार्टी के जिला व मंडल के विभिन्न पदो पर रहते हुए, वर्तमान में ग्राम पंचायत हथौद कि सरपंच चुनी गई है। सरपंच संघ के चुनाव पश्चात सभी लोगों ने श्रीमती बघेल को बधाई दिए।

निर्वाचन में सरपंचगण कोशलेश देवांगन कापसी,डेविड बारले सेमरडीह, रूपेश सिन्हा नाहंदा, हरख राम ठाकुर, पीपरखार, रेमन लाल कुलहरिया खपराभाट, भुषण लाल देवांगन सहगांव, लक्ष्मीनारायण कोरगुड़ा हीना साहू मार्री, ईश्वर लाल देवांगन सुरसुली, तारन कुमार रजक पिनकापार, अंकालू राम सहारे, पिनकापार, नेमिन बाई साहू खामतराई, फनेश्वर कुमार साहू सम्बलपुर, अकबर सिंह साहू कुआॅगांव, रामकली बाई तारम गहिरानवागांव, डोमेश्वरी बाई यादव किसना, लता बाई ठाकुर सिंगारपुर, प्रमुख रूप से शामिल हैं।

**माहेश्वरी पंचायत महेश नवमी 4 जून को मनाएगा, होंगे विविध कार्यक्रम**

# नेत्र और रक्त दान शिविर के पोस्टर का डिप्टी सीएम ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर मे माहेश्वरी पंचायत द्वारा महेश नवमी 4 जून को नेत्रदान और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके पोस्टर का विमोचन उपमुख्यमंत्री अरूण साव और संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने किया, इस दौरान समाज प्रमुखों ने उपमुख्यमंत्री एवं विधायक को आयोजन मे शामिल होने का आमंत्रण दिया। बताया गया कि महेश नवमी के कार्यक्रम मे आयोजित नेत्रदान और रक्तदान शिविर के लिए विधायक संगीता सिन्हा द्वारा समाज को प्रोत्साहित भी किया गया।

उल्लेखनीय हो कि नगर के माहे"वरी भवन मे 4 जून को



नेत्रदान एवं रक्तदान का आयोजन माहे"वरी पंचायत द्वारा किया गया है, बालोद माहे"वरी पंचायत ने जिंदगी के साथ रक्तदान और जिंदगी के बाद नेत्रदान थीम पर उक्त शिविर का आयोजन किया है।

माहे"वरी पंचायत के सदस्यों ने बताया कि माहेश्वरी समाज अपने उत्पत्ती दिवस महेश नवमी को नगर के गंजपारा स्थित माहे"वरी भवन मे नेत्रदान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे सर्व समाज की सहभागिता रहेगी।

माहे"वरी समाज सेवा, त्याग और सदाचार मुल मंत्र के सांथ माहे"वरी समाज लगातार विभिन्न क्षेत्र मे जन कल्याण के कार्य करती रही है, इस दौरान माहे"वरी पंचायत के स्वरूप राठी, सुरेश टावरी, आशीश गांधी, प्रमोद पंपालिया, केशव मंत्री, कार्यक्रम प्रभारी पवन गांधी, कृष्णा राठी, हंसमुख टुवानी, श्रवण टावरी उपस्थित थे।

**शिविर में महिला के आवदेन पर तत्काल हुई कार्रवाई**

# सुशासन तिहार के कुरदी शिविर में प्रणीता को तत्काल मिला जाब कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत बालोद जिले के ग्राम कुरदी की ग्रामीण महिला प्रणिता साहू ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत जॉब कार्ड के लिए आवेदन किया था। उनके आवेदन पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे जॉब कार्ड बनाकर प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025, राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक त्वरित और पारदशएॅ तरीके से पहुंचाना है। इस अभियान के तहत ग्राम कुरदी में आयोजित शिविर में प्रणिता साहू ने मनरेगा जॉब कार्ड के लिए आवेदन किया था। मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को रोजगार प्रदान किया जाता



है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। प्रणिता साहू ने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, और मनरेगा जॉब कार्ड उनके लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण साधन बनेगा। उन्होंने कहा कि 'सुशासन तिहार' के माध्यम से मेरा आवेदन तुरंत स्वीकार किया गया और मुझे जॉब कार्ड प्रदान किया गया।यह जॉब कार्ड मेरे परिवार की आजीविका को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

सुशासन तिहार 2025 के तहत बालोद जिले में ग्रामीण क्षेत्रें के अनेक पात्र व्यक्तियों को मनरेगा जॉब कार्ड, अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ, और आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए जा रहे हैं। ग्राम कुरदी में आयोजित शिविर में भी सैकड़ों ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किए। आवेदन पश्चात निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर सुशासन तिहार के के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदशएॅ तरीके से प्रदान करने कार्य किया जा रहा है। प्रणिता साहू जैसे अनेक ग्रामीणों के लिए मनरेगा जॉब कार्ड न केवल रोजगार का एक साधन है बल्कि यह उनकी आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। सुशासन तिहार 2025 के तहत इस तरह की पहल से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रें में विकास और समृद्धि की नई उम्मीद जाग रही है।

# कलेक्टर ने भाजपा नेताओं से यूजी नेट परीक्षा पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला की नई जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा से बीजेपी के नेताओ ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई जिसमे प्रमुख रुप से यूजीनीट की परीक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, उन्होने बताया कि आगामी 4 मई को यूजीनीट की परीक्षा आयोजित होनी है, परीक्षा को लेकर गत वर्ष की में हुई गड़बड़ियों को लेकर चर्चा की गई और बताया कि छत्तीसगढ़ में बड़े अथक प्रयास से बालोद जिला को सेंटर पिछली बार मिला था और फिर से बालोद में दो सेंटर शासकीय घनश्याम सिंह महाविद्यालय एवं नवोदय विद्यालय दुधली को बनाया गया है, गत वर्ष की घटना की पुनरावृति ना हो, बच्चों



का भविष्य अंधकार में न जाए और बालोद में इस एग्जाम की व्यवस्था हम अच्छा कैसे कर सके सारे विषयों पर चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष राजू पटेल, शहर भारतीय जनता पाटएॅ के अध्यक्ष अमित चोपड़ा भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता कमल बजाज उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त तहसीलदार के खिलाफ जांच जारी, लीपापोती की तैयारी

## कलेक्टर ने दिए थे जांच के आदेश, जांच टीम ने नहीं सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का 43 राजस्व निरीक्षक मंडल जुनवानी में दर्ज घास जमीन को निजी खाते में दर्ज करने के मामले में अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खुंटे के खिलाफ कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए थे। एडीएम की अगुवाई में टीम भी गठित की गई है। लेकिन पिछले फरवरी माह से चल रहे जांच में अब तक रिपोर्ट कलेक्टर को नही सौंपी हैं। बल्कि जांच टीम द्वारा गुमराह करने का भी प्रयास किया जा रहा हैं।

जानकारी अनुसार आवेदक सीताराम पिता गिरधारी सुपेला भिलाई निवासी को शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 661 के रकबा में 4000 वर्ग फिट भूमि जिसकी कीमत लगभग करोडों रूपए में है। इस जमीन को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खूंटे द्वारा बिना कलेक्टर के अनुमति और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग के प्रतिवेदन के अवलोकन के बिना छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 के तहत भूमिस्वामी हक में आदेश पारित कर दिया गया। जो इनके कार्य क्षेत्र से बाहर है। सूत्रों ने बताया कि, जांच टीम द्वारा आदेश जारी दोषियों को बचाने में जूट गई है। बंदोबश्त में त्रुटि के इस मामले में अतिरिक्त तहसीलदार सहित आरआई और पटवारी भी जांच के घेरे में है। अब तक के जांच में यह साफ हो गया है कि, अतिरिक्त तहसीलदार ने कलेक्टर की अनुमति और एसडीएम के अवलोकन के बगैर घास जमीन को निजी खाते में दर्ज करने आदेश जारी कर दिया था। फरवरी से जांच जारी हैं, जो तीन माह पूरा होने जा रहा है।

### जांच टीम ने माना आदेश हुआ

जांच अधिकारी एडीएम अरविंद एक्का ने बताया कि, जांच में पता चला है कि, अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खूंटे द्वारा घास जमीन को रिकार्ड में दर्ज करने प्रतिवेदन जारी किया गया था। हरिभूमि की खबर के बाद जांच शुरू हुई। एडीएम का कहना है कि, यह रिकार्ड में दर्ज नही हुआ था। जबकि घास जमीन को रिकार्ड में दर्ज करने आदेश भी जारी हो गया था। जांच टीम इस मामले में अतिरिक्त तहसीलदार पर पर्दा डालने में जूट गई हैं। जबकि इसी तरह के अन्य मामले में पहले संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर द्वारा कार्यवाही की गई थी। लेकिन इस प्रकरण में लीपापोती की तैयारी चल रही हैं।

### मांगी गई है जानकारी

अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा जारी प्रतिवेदन के मामले में एसडीएम को रिपोर्ट मांगा गया हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी।
**-अरविंद एक्का,** एडीएम दुर्ग

## खबर संक्षेप



### नरसंहार में मारे गए लोगों को मंच ने दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच ने पुराना बस स्टैंड में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए सभी दिवंगत आत्माओं को सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में सभी दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई तथा हमले में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। मंच के सचिव तुलसी सोनी एवं असलम कुरैशी ने आतंकियों की कायराना हरकत की निंदा करते हुए हमले में शामिल आतंकियों को कड़ी सजा देने की मांग प्रधानमंत्री से की। उपस्थित लोगों ने दिवंगत हुए लोगों को केंडल जलाकर भी श्रद्धांजलि अर्पित की । श्रद्धांजलि देने वालों में मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान, सहसचिव संजय खंडेलवाल, त्रिलोक सोनी, युनुस चौहान संरक्षक चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह, विनोद बाघ, सूर्यमणि मिश्रा, सुनील शर्मा, विजय गुप्ता, बंटी भाई, मोहन सिन्हा, जाबिर अली, अमित मिश्रा, नबी भाई, रुस्तम खान, सुभाष भाई, तिलक भाई, हरीश सोनी, जवाहर सिंह राजपूत, सलाम भाई सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




**दुर्ग।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट एसयूसीआई कम्युनिस्ट की 78वीं स्थापना दिवस पर सिकोला बस्ती में दोपहर 12बजे राज्यस्तरीय जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पार्टी केंद्रीय कमेटी सदस्य कॉमरेड स्वपन चटर्जी उपस्थित थे। सभा की शुरुआत में पार्टी के संस्थापक आजादी आंदोलन के क्रांतिकारी, महान मार्क्सवादी दार्शनिक चिंतक कॉमरेड शिवदास घोष के छायाचित्रों में माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात जम्मू कश्मीर में पर्यटकों की गोली मारकर हत्या की कड़ी निंदा करते हुए एसयूसीआई सी के महासचिव प्रभाष घोष का व्यक्तव्य पढ़ा गया। सभा को पार्टी राज्य संगठन सचिव कॉमरेड विश्वजीत हारोड़े ने भी संबोधित किया।

### नि:शुल्क प्रशिक्षण 30 अप्रैल को

**दुर्ग।** अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र औद्योगिक क्षेत्र जवाहर नगर गेट के पास धमधा नाका में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत अनुसुचित जाति वर्ग के इच्छुक युवतियों को सेल्फ एम्प्लोएड टेलर ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि 03 माह की होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है।

## नया फरमान : रजिस्ट्री से पहले पटवारियों के नकल का माना जाता है आधार

# नामांतरण की जिम्मेदारी पंजीयक को मिलने से पटवारियों की बढ़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग। राज्य शासन द्वारा भले ही नामांतरण का अधिकार तहसीलदारों से छिनकर जिला पंजीयको को दे दिया गया है और इससे पक्षकारो को पटवारियों के चक्कर लगाने से छुटकारा मिल जाएगा। इस फैसले से अब रजिस्ट्री होते ही नामांतरण के बाद जांच की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। ऐसे में किसी भी तरह की खामियां मिलने पर रजिस्ट्री के लिए पटवारियों द्वारा उपलब्ध कराया गया नकल बडा मायने रखेगा। क्योंकि पटवारियों द्वारा दिए गए नकल में गडबडी मिली तो पक्षकारों को सीधे अब कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड सकता है।

हांलाकि जमीन से जुडे जानकारों का कहना है कि, पूर्व में रजिस्ट्री होने के बाद कैंसिल कराने पक्षकारों को कोर्ट ही जाने की प्रक्रिया थी। वही दूसरी तरफ राजस्व के अधिकारियों की यह मानना है कि, रजिस्ट्री के बाद खामिया मिलने पर जिला प्रशासन स्तर के कोर्ट से या सामाधान हो जाया करता था या नामांतरण पर रोक लग जाती थी। लेकिन अब रजिस्ट्री होने के बाद ऐसा साफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है कि, सीधे नामांतरण होकर पक्षकारों के हाथ ऋण पुस्तिका पहुंच जाएगी। बहरहाल शासन के फैसले को लेकर लाभाकारी भी अधिक बताया जा रहा है। इस फैसले से यह तो तय है कि, पक्षकारों को रजिस्ट्री के बाद पटवारियों के चक्कर कांटने से छुटकारा मिल जाएगा।

## राज्य शासन के फैसले से अफसरों के बीच मची खलबली

### पटवारी के नकल के आधार पर रजिस्ट्री

रजिस्ट्री के पहले पक्षकार पटवारियों से जमीन का नकल लेते है। पक्षकारों की मांग पर जमीन ब्रिक्री के लिए पटवारी संबंध खसरा और रकबे के आधार पर चाहे अनुसार नकल दिया जाता है। इसमें पटवारी जमीन के चारों ओर अन्य जमीन मालिको की जानकारी का भी उल्लेख करते है, जिसे चौहद्दी कहा जाता है। पटवारी के इस नकल के अनुसार ही रजिस्ट्रार रजिस्ट्री करते है। आदेश में इस बात को लेकर भी संशय है कि, जमीन की बिक्री के बाद बटांकन की प्रक्रिया कैसी होगी।




### भूमाफिया भी हो सकते है हावी?

शासन के इस आदेश को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि, भू माफियाओं इस फैसले के बाद सक्रिया हो जाएंगे। पहले भी ऐसा प्रयास संहिता में संशोधन करके किया गया था। परंतु सफल नही हो सके थे। इस बार रजिस्ट्री होते ही बिना जांच के उसे नामांतरण करा लिया जाएगा। इसमें घास भूमि, आदिवासी भूमि, शासकीय भूमि, पट्टेदार भूमि, जल के नीचे की भूमि, छोटे बड़े झाड़ के जंगल आदि भूमि बिकने की संभावनाएं बढ़ जाएगी। इस पर कोई नियम बनाया जाना उचित होगा।

### नए आदेश में स्पष्ट उल्लेख नहीं

राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना विगत 24 अप्रैल से प्रभावी हो चुका है। इस अधिसूचना में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 24 की उप-धारा (1) के अधीन तहसीलदार को प्राप्त नामांतरण की शक्तियां जिले में पदस्थ रजिस्ट्रार, सब रजिस्ट्रार को दी गई है। ये अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादन करने अधिकृत होगें। इसके आलावा आदेश में अन्य किसी भी तरह का उल्लेख नही हैं। जिससे रियल स्टेट से जुडे इन्वेस्टर और अफसरों में भी गुण-दोष पर तेजी से चर्चा होने लगी हैं।

### नई प्रक्रिया से इस तरह के सवाल

शासन के इस फैसले को लेकर हरिभूमि ने राजस्व अधिकारी से जानकारी जुटाई, नाम नही छापने के शर्त पर उन्होने बताया कि, अधिसूचना में मात्र विक्रय विलेख का उल्लेख किया गया, पंजीकृत दान पत्र, हक त्याग बंटवारानामा आदि के सम्बंध में किस रीति से कार्य होगा उल्लेख नही है। दूसरा सीजी भू राजस्व संहिता की धारा 110 के विभिन्न नियमों (जैसे नियम 27) के सम्बंध में कोई उल्लेख नही है, संबंधित नियमों का परिपालन किस प्रकार होगा। वही तीसरा सवाल यदि किसी नामांतरण में कोई आपत्ति आती है तो उसका निराकरण किस रीति से होगा। चौथा रजिस्ट्री के बाद दावा आपत्ति कैसे आमंत्रित की जाएगी। इसका उल्लेख नही है, प्रकाशन किस रीति से होगा, नोटिस कैसे तामील होगी। पांचवा यदि किसी वाद भूमि के रजिस्ट्री होते ही बिना इश्तिहार के नामांतरण होता है, तो उस हितबद्ध पक्षकार के अपने पक्ष रखने के नैसर्गिक अधिकार का संरक्षण कैसे होगा। छठवा यदि शासकीय भूमि, पट्टे की भूमि, वन भूमि, नाबालिक की भूमि आदि बिना जांच तत्काल नामांतरण होता है तो किसकी जवाबदेही तय होगी, यदि नामांतरण का अधिकार पंजीयक/उपपंजीयक को दिया जा रहा तो साथ ही जवाबदेही भी तय किया जाना उचित होगा। सातवां नामांतरण के पश्चात ऋण पुस्तिका को किसके द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। आठवा राजस्व अभिलेख का संधारण किसके द्वारा होगा। नौ यदि गलत नामांतरण होता है तो क्या पुनर्विलोकन हेतु धारा 51 का अधिकार भी उप पंजीयक को प्रदाय किया जाएगा। दसवां पंजीयन विभाग का अधिकारी है, क्या उसे राजस्व अधिकारी घोषित किया गया है। ग्यारवां नामांतरण के बाद क्या उप पंजीयक डीएससी करके नामांतरण को प्रमाणित करेगा, वही बारहवां बिना जांच के नामांतरण मे नक्शा बटांकन की कार्यवाही किस रीति से होगी, नामांतरण एवं बटांकन साथ की प्रक्रिया है उसका पालन कैसे होगा।

# कलेक्टर ने एफएसटीपी यूनिट का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह और जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे द्वारा ग्राम पंचायत पतोरा में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एफएसटीपी और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव और वाटर एड संस्था के कर्मचारियों द्वारा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की विस्तृत कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस यूनिट में 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों से मल, जल को एकत्र कर फिल्टरिंग हेतु टैंकों में संग्रहित किया जाता है। मल-जल को विभिन्न चेंबरों और टैंकों से गुजारकर कई स्तरों पर शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है, जिसके पश्चात इससे तैयार खाद को "सोना खाद" के नाम से जाना जाता है। यह खाद खेतों में उपयोग हेतु बेहद लाभकारी है।

■ मल जल से बनाया जा रहा सोना खाद

एफएसटीपी में उपचारित जल को भी एक अलग चैम्बर में संग्रहित कर उसे गार्डनिंग, बागवानी के लिए पुनः उपयोग किया जाता है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस नवाचार की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि आसपास के गांवों में क्लस्टर बनाकर इसी प्रकार की और यूनिट स्थापित की जाएं। उन्होंने कहा कि हम अब गांवों को ओडीएफ बना चुके हैं, अब हमारा अगला लक्ष्य ठोस मल-जल प्रबंधन की दिशा में कार्य करना है। इसके साथ ही कलेक्टर ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भूजल एवं मृदा को प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से बचाने पर विशेष बल दिया और प्लास्टिक कचरे के सुरक्षित और वैज्ञानिक निपटारे के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# पोषण पखवाड़ा में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति किया जा रहा जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आंगनबाड़ियों में समुदाय में पोषण और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न कार्यक्रमों और पोषण बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड 18 के आंगनबाड़ी केंद्र शक्तिनगर कुंआ चौक में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय से डॉ कल्पना और डॉ सरला उपस्थित हुए। डॉ कल्पना के द्वारा महिलाओं में होने वाली आम समस्या और उसके निदान के बारे में बताया गया। किशोरियों को मासिक धर्म के समय होने वाली तकलीफों को दूर करने के विषय में विस्तार से चर्चा की गई।

■ महिलाओं में होने वाली समस्याओं के निदान पर चर्चा



### बच्चों को न दें मोबाइल

अपने दैनिक भोजन में सभी को कुलथी, सिंघाड़ा, मूंग और भाजियों को शामिल करना चाहिए । डॉ सरला के द्वारा बच्चों में वर्तमान में बढ़ रहे मोटापे यानी ओबेसिटी के बारे में बताया गया। ओबेसिटी से बच्चों में आगे चलकर होने वाली परेशानियों के संबंध में जानकारी दी। बच्चों को घर का बना ही भोजन देना चाहिए और भोजन करते समय अपने बच्चों को मोबाइल का उपयोग बिलकुल भी नहीं करने देना चाहिए। छोटे बच्चों को कभी भी मोबाइल का प्रलोभन देकर भोजन नहीं कराना चाहिए। मोबाइल से निकलने वाली किरणे बच्चों के लिए हानिकारक होती है।

# सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण में उदासीनता बरतने वाले अधिकारी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा से प्रारम्भ हुई। कलेक्टर श्री सिंह ने नगर पालिक निगम दुर्ग, भिलाई और रिसाली के अंतर्गत मांग एवं शिकायत संबंधी प्राप्त आवेदनों की निराकरण के संबंध में जानकारी ली। समीक्षा के दौरान निगमों द्वारा आवेदनों के निराकरण की रेंडम जांच भी की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि निगमों में प्राप्त मांग संबंधी आवेदनों पर औचित्यपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दें। राशनकार्ड व पेंशन के प्रकरणों पर आवश्यक दस्तावेज के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। अतिक्रमण हटाने के पूर्व और बाद की स्थिति का निराकरण पत्रक में फोटो अपलोड जरूर करें। शासन को प्रस्तावित कार्यों में सुनिश्चित करें कि उक्त कार्य से कितनी आबादी लाभान्वित हो रही है, इसका उल्लेख होना चाहिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आवेदनों के निराकरण आवेदक के लिए संतोषप्रद होना चाहिए। उन्होंने निगम अंतर्गत आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की जांच स्वयं निगम कमिश्नर को करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निगमवार मांग एवं निराकरण के संबंध में संक्षिप्त समरी भी तैयार करने कहा। बैठक में सुशासन तिहार के जिला नोडल अधिकारी एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर बबन अभिजीत पठारे, ननि भिलाई आयुक्त राजीव पाण्डेय, दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव सहित तीनों निगमों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

■ कलेक्टर ने की आवेदनों की समीक्षा

### निगमों में मिले आवेदन



निगमों में अतिक्रमण, आवास योजना, पेयजल की शिकायत, पोषण आहार गुणवत्ता की शिकायत, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशनकार्ड, रोजगार उपलब्ध कराने की मांग, रोड एवं बिल्डिंग निर्माण में गुणवत्ता की शिकायत, विद्युत बिल संबंधी शिकायत, रोड निर्माण, वृद्धावस्था सहायता, सड़क, भवन, पुलिया की मांग संपत्ति कर, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्ट्रीट लाईट, स्वच्छता, हैंडपंपों की सुधार एवं नल कनेक्शन संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है।

### आवेदनों की स्थिति

नगर निगम रिसाली में मांग एवं शिकायत संबंधी 995 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें 705 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। नगर निगम भिलाई में प्राप्त 1678 आवेदनों में से 1034 आवेदन निराकृत कर लिए गए है। इसी प्रकार नगर निगम दुर्ग में मांग व शिकायत संबंधी 2375 आवेदन में से 1019 का आवेदनों निराकरण हो चुका है।

## 30 अप्रैल तक जारी होगा रिजल्ट, फेल होने वालों को मिलेगा मौका

# उल्टी गिनती शुरूः जल्द जारी होगा 5वीं-8वीं का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर हुई परीक्षाओं का मूल्यांकन का कार्य पूर्ण करने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा रिजल्ट जारी करने की प्रक्रिया अंतिम चरण पर है। जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल तक प्रदेश के सभी स्कूलों से परीक्षा परिणाम जारी कर दिए जाएंगे। इस वर्ष शिक्षा विभाग ने पहली बार राज्य स्तरीय एक समान समय-सारणी के तहत 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं का आयोजन किया। परीक्षा में शासकीय के साथ-साथ निजी स्कूलों के छात्र भी शामिल हुए। इससे मूल्यांकन और परिणाम प्रक्रिया में एकरूपता आई है। दुर्ग जिले के 17 केंद्रों में पांचवी आठवीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया है। कापी जांचने की प्रक्रिया सप्ताहभर पहले ही हो चुकी है। बहरहाल अब रिजल्ट जारी किया जाएगा।

■ बोर्ड पैटर्न पर हुई है इस बार परीक्षा



### इंटर ब्लॉक कराई गई कापियों की जांच

करीब 14 साल बाद 5वीं और 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा हुई है। जहा परीक्षा के बाद सभी विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अंतर विकास खंड स्तर पर कराया गया है। यानी जिस विकासखंड के स्कूल के विद्यार्थियों की कॉपी थी, उसका मूल्यांकन दूसरे विकासखंड में संचालित स्कूलों के शिक्षकों से कराया गया। परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने लगातार केन्द्रों का निरीक्षण किया है।

### फेल होने वाले छात्रों को मिलेगा दुबारा मौका

जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस बार पांचवीं बोर्ड में शासकीय स्कूलों के 15143 तथा अशासकीय स्कूलों के 5874 विद्यार्थी, आठवीं में शासकीय स्कूलों के 17140 तथा अशासकीय स्कूलों के 5092 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। 5वीं-8वीं की कक्षाओं में मेरिट लिस्ट जारी नहीं होगा। साथ ही फेल छात्रों को दोबारा मौका दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जारी किए गए आदेश के अनुसार छात्रों को अंकसूची भी 30 अप्रैल को ही देने की संभावना है।

### ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शिविर 29 व 30 को

**दुर्ग।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। परिवहन विभाग के केन्द्रीय पोर्टल से नागरिकों को ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है। इसके जरिए आवेदक आवेदन करने के पश्चात कार्यालय में उपस्थित होने की तिथि का चयन कर सकते हैं। चयनित तिथि को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय दुर्ग में उपस्थित होकर बायोमैट्रिक, डिजिटल हस्ताक्षर तथा ऑनलाइन परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है। धमधा अहिवारा में 29 एवं 30 अप्रैल सुबह 10 बजे से उत्तम परिवहन सुविधा केन्द्र में आवश्यक दस्तावेजों व निर्धारित शुल्क के साथ लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं।

# बिरेभाठा में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत दिनों बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह के रोकथाम एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला दुर्ग परियोजना अहिवारा के अंतर्गत ग्राम बिरेभाठा में आयोजित कार्यक्रम पोषण पखवाड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधी एवं महिलाओं व बालिकाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग में पदस्थ श्रीमती सीता कनौजे एवं चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 से चन्द्रप्रकाश पटेल द्वारा भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकथाम, दत्तक ग्रहण, फास्टर केयर, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार ऐसा विवाह जिसमें वर जिसकी आयु 21 वर्ष से कम तथा वधू जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो उसे बाल विवाह माना जायेगा। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते है। इसे विमर्श में लेकर इसके कारणों को पूर्णतः समाप्तकर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है।

■ बाल विवाह के रोकथाम को लेकर किया जागरूक

## खबर संक्षेप



### चन्दखुरी में बारदाना गोदाम में लगी आग

**भिलाई।** दुर्ग जिले में चन्दखुरी में स्थित भवानी रस मिल के बारदाना गोदाम में रविवार शाम को भीषण आग लग गई। धुआं निकलता देख लोगों ने अग्निशमन टीम को सूचना दी। टीम के पहुंचने के पहले ही आग फैल गई। सामान धू- धूकर जलने लगा। घटनास्थल पर पहुंची दुर्ग अग्निशमन की टीम लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। जिसमें 3 अग्निशमन वाहन और 20 से अधिक जवान कार्य कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार चंदखुरी में भवानी रस मिल का बरदाना गोदाम है। देर शाम वहां पर आग लग गई। आग ने बहुत तेजी से विकराल रुप धारण कर लिया। लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। टीम पहुंचकर आग लोगों को हटाया और काम शुरू किया। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। ऐहतियतन आसपास के लोगों को भी सचेत किया गया है। आग से लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। अफसरों का कहना है कि आग पर काबू पाने के बाद ही कुछ बताया जा सकेगा।

### 'हमारा इतिहास, हमारी पहचान' भारतीय संस्कृति को मंच पर दिखाया

**भिलाई।** हिंदी यूएसए सेंट लुईस की ओर से अमेरिका में तीसरा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम "हमारा इतिहास, हमारी पहचान" का आयोजन किया गया। इस्पात नगरी भिलाई निवासी डॉ. अंशु जैन और मयंक जैन के नेतृत्व 2.5 घंटे लंबे इस भव्य आयोजन में लगभग 450 से ज्यादा लोग शामिल हुए। कार्यक्रम ने दर्शकों को भारतीय इतिहास की एक अनूठी यात्रा पर ले जाते हुए, चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक से शुरुआत की। इसके बाद पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, तान्हा, छत्रपति शिवा महाराज और रानी लक्ष्मीबाई जैसे योद्धाओं की वीरगाथाओं को बच्चों ने अद्भुत अभिनय और नृत्य से प्रस्तुत किया। सामाजिक क्रांति की प्रतीक सावित्रीबाई फुले और महात्मा गांधी की शिक्षाओं को भी यहां मंचित किया गया।

## निधन

### लीलाम्बर यादव

**अंडा।** ग्राम कुथरेल निवासी डॉ लीलाम्बर यादव पिता नारायण यादव (40 वर्ष) का निधन 28 अप्रैल को उनके निवास स्थान ग्राम कुथरेल में हो गया। वे अपने पिछे भरापूरा परिवार छोड़कर चले गए,वे नेवेन्द्र यादव, प्रदीप यादव के बड़े भैय्या व डेविड यादव, आदित्य यादव के पिता जी थे। उसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कुथरेल के मुक्तिधाम में किया गया।



---

जीवन जीने की कला में आध्यात्म का योगदान पर जैन संत महेंद्र सागर के विचार

# सम और विषम विचार सुख और दुख देते हैं और तटस्थ भाव से जीवन में आती है शांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

घर परिवार समाज में संस्कार के गिरते स्तर और बढ़ते तनाव पर उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी जैन संत महेंद्र सागर जी मसा से सुख शांति पूर्वक जीवन जीने की कला में आध्यात्म का योगदान पर समाज के लिए आशीर्वचन प्रदान विषय पर चर्चा की।

संत श्री से उद्धृत जनहितकारी उपदेश का सार अंश, विचार संस्कार समझदारी आध्यात्म सम्पन्नता में सुख शांति वास करती है। विदित हो कि उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी महेंद्र सागर, आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीष सागर सहित 15 जैन संत और 3 साध्वी धमतरी से कैवल्य धाम विहार करते हुए जामगांव आर मर्रा जामगांव एम में रूबरू संदेशात्मक आध्यात्म चर्चा किए। जैन संतो साध्वियों का समूह भरी तेज गमएँ में खुले पैर पद विहार करते हुए, सोमवार को कैवल्यधाम पहुंचे। उल्लेखनीय है भरी तेज गमएँ में खुले पैर सुबह शाम 17 से 19 किमी किलोमीटर पैदल विहार किए। इस विहार यात्र में धमतरी, भखारा, रानीतराई, जामगांव आर, मर्रा, अमेरी, मोतीपुर, रायपुर जैन श्री संघ सदस्यों में गुरु चरणों का भरपूर सेवा लाभ उठाए।





### संतान भी फर्ज निभाए कोई भी खोटा कर्म नहीं करे

संतश्री ने कहा कि पिता संतान की अच्छी मंजिल की कामना करते हुए पसीना बहाता है स्वयं तंग हाल में जी कर संतान को सुखमय देखना चाहता किंतु सत्संग और संस्कार के अभाव में ना समझ संतान पिता की बढ़ती उम्र का सहारा बनने से इनकार कर देता है यह विडांबना भी कर्मो के खेल के अधीन संपादित होता है। हर हालत में खोटा कर्म ना करे किसी न किसी रूप में दुष्परिणाम प्रगट होकर रुलाते है।

### रिश्तेदारों से कुछ समय दूरी बना ले कटुता नहीं बढ़ाए

संत श्री ने कहा कि दुनिया में नाना प्रकार के विचार रखने वाले मिलते है सम विचार वाले अच्छे लगते है विषम विचार वाले तकलीफ देय लगने लगते है। जब यह स्थिति घर परिवार में उत्पन्न होती है तब रात और दिन भारी पड़ने लगता है स्वास्थ पर भी प्रतिकूल विचार का असर झलकने लगता है यहां पर आध्यात्म मार्ग सुझाती है कि जिनसे विचार नहीं मिलते पूरे जीवन में कब तक के साथी है जरा सोचे शांत चित्त रखते हुए अपने आप की वैचारिक दिशा मोड़ ले बहुत ज्यादा ही तकलीफ हो तो दूरी बना ले लेकिन कटुता नहीं बढ़ाए। ना जाने किस मोड पर कौन काम आ जाए।

### धर्म नीति से परे अर्जित धन कुव्यवस्नों का शिकार बनाती है

संत श्री ने कहा कि वर्तमान में आदमी धन में सुख तलाशने के लिए अंधी दौड़ लगा रहा है लेकिन धन के अर्जन में धर्म नीति का पालन नहीं कर पा रहा है इस कारण जीवन में वे धन का भोग करने के बजाय कुव्यवस्नों के रोगों से ग्रस्त होने लगा है घर परिवार समाज में कलह का केंद्र बनकर अशांत जीवन जीने के घेरे में घिरते जा रहा है। संत श्री ने कहा कि धार्मिक क्रियाएं धर्म को कर्म से मिलाने में महती भूमिका निभा पाए तभी सार्थक बन पाएगी। केवल क्रियाओं को धर्म मानकर अपने आप को धार्मिक मानना भूल होगी।

### ऐसा कोई कर्म ना करे जिससे वेदना उपजे

संत श्री ने कहा कि सुख दुख कर्मो का खेल है कर्म का जैसा बीज बोए थे वैसा फल मिल रहा है।विपरीत परिस्थिति को अतीत कर्मो का फल मानकर सम भाव से सहते हुए कर्मो की निर्जरा करना चाहिए। और सजग हो जाना चाहिए कि अब ऐसा कोई कर्म नहीं किया जाए जिससे भविष्य में वेदनाओं का शिकार होना पड़े।कर्म अच्छा हो या बुरा जन्म जन्मांतर तक वह पीछा नहीं छोड़ती। दुर्लभ मानव जीवन मिला है केवल और केवल अच्छा कर्म करे।

---

# तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष को दी बधाई



**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा मंत्री लेखराम साहू, मनोज खरे ने छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है।

## लॉटरी से होगा आत्मानंद स्कूल में प्रवेश, आवेदन प्रक्रिया जारी

**कुसुमकसा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कुसुमकसा में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल 2025 से प्रारंभ है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के लोक शिक्षण संचनालय द्वारा आधिकारिक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राचार्य श्रीमती सुनीता यादव ने बताया कि शासन के आदेशानुसार इच्छुक अभ्यर्थी के द्वारा 10 अप्रैल से 5 मई 2025 के बीच ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता हैं। कक्षा 1ली में 50 सीटें, कक्षा 2री में 10 सीटें, कक्षा 3री में 4 सीटें, कक्षा 4थी में 21 सीटें, कक्षा 5वी में 13 सीटें, कक्षा 6वी में 25 सीटें,कक्षा 7वी में 37 सीटें, कक्षा 8वी में 42 सीटें, कक्षा 9वी में 42 सीटें एवं कक्षा 11वी में गणित,जीव विज्ञान एवं वाणिज्य प्रत्येक विषय के लिए 20 सीटें उपलब्ध हैं। आवेदन की संख्या उपलब्ध सीटों से अधिक होने पर 5 मई से 10 मई के बीच लॉटरी आधारित चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। ऑनलाइन आवेदन आत्मानंद स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है ।

---

# अक्षय तृतीया पर तांबे व पीतल के बर्तन खरीदना होता है शुभदायी

## तांबे के बर्तन में जल पीने से आरोग्य लाभ भी मिलता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अक्षय तृतीया को सिर्फ दो दिन बाकी है. जबकि सोने और चांदी के दाम आसमान छू रहे हैं. ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या खरीदा जाए तो इसका है, तांबे और पीतल के बर्तन. इस दिन पीतल या तांबे के बर्तन खरीदना भी बहुत फलदायी होता है. पुराणों के अनुसार, इन धातुओं से बने बर्तनों में भोजन करने से सेहत अच्छी रहती है और मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं. इसके अलावा, तांबे के बर्तन में जल पीने से आरोग्य लाभ भी मिलता है. वैसे तो कुछ साल पहले तक तांबा व पीतल के बर्तनों का क्रेज गिरा था. लेकिन कोरोना के बाद से एक बार फिर से दल्लीराजहरा मार्केट में तांबे व पीतल के बर्तनों का क्रेज देखने को मिल रहा है।

बीते 3-4 सालों में बड़ी संख्या में लोग तांबे और पीतल के बर्तन में रखे बासी पानी को सुबह उठकर पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा मानते हैं. दल्लीराजहरा के एक बर्तन दुकान के संचालक के मुताबिक, अक्षय तृतीया में अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए लोग बड़ी संख्या में तांबे, पीतल, चांदी के बर्तन खरीदना शुभ मानते हैं।



### किचन की भी शोभा बढ़ाते हैं

तांबे और पीतल के बर्तनों का उपयोग खाना पकाने और पानी पीने के लिए बहुत फायदेमंद होता है. तांबा रोगाणुरोधी होता है. जोकि पानी को साफ करता है और पाचन में सुधार करता है. जबकि पीतल खाना पकाने में गर्मी का समान रूप से वितरण करता है और स्वाद को बढ़ाता है. यही कारण था कि पहले खाना पकाने में पीतल के बर्तन और खाने व पानी पीने में तांबे के बर्तनों का यूज किया जाता था।

### बड़ी-बड़ी कंपनियों ने भी मार्केट में उतारे प्रोडक्ट

कोरोना के बाद लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर अवेयर हुए हैं. यही कारण है की बीते तीन से चार सालों में पीतल व तांबे के बर्तन का खरीद भी दोगुनी हो गई है. लोग बड़ी संख्या में तांबे के बर्तन का पानी पीना हेल्दी मानते हैं. लिहाजा बर्तन बनाने वाली बड़ी-बड़ी कंपनियों ने भी मार्केट में तांबे की बोतले समेत अन्य प्रोडक्ट को मार्केट में लांच किया है. जिससे हाई प्रोफाइल के लोग भी घर के अलावा ऑफिस तांबे के बर्तनों को यूज कर सके. इसके अलावा अपने बच्चों को तांबे की बोतल में पानी भर कर दे सक।

### गिफ्ट में भी दिए जाते हैं तांबे और पीतल के बर्तन

तांबे व पीतल के बर्तन का भावनात्मक प्रभाव भी है. लोग तांबे व पीतल के बर्तनों मे खाना खाना व पानी पीने स्वास्थ्य के लिए स्टील के बर्तनों से कई गुना बेहतर मानते हैं. यही कारण है कि बेटियों के मां-पिता बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए शादियों में अपनी बेटियों को तांबे व पीतल के बर्तन ही गिफ्ट के रूप में देते हैं. यह विश्वास सालों से चला आ रहा है. यहां तक की आज भी शादी मे परिजन अपनी बेटियों को पीतल की थाल समेत अन्य बर्तन गिफ्ट में देते हैं।

---

# संदिग्धों की तलाश में पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पहलगांव में हुए आतंकी हमले के बाद जिले की पुलिस ने बिना सूचना के रह रहे संदिग्धों की जांच शुरू कर दी है। रविवार की सुबह 4.30 बजे तीन अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर 1150 संदिग्ध रहवासियों की आईडी का परीक्षण किया गया। उधर 43 संदिग्धों के आधार कार्डों का वेरीफिकेशन जब पुलिस ने किया तो सामने आया कि वह दूसरे देश के निवासी नही है। यह लोग भारत के अन्य राज्यों से भिलाई काम करने आए हैं। वह यहां रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। पुलिस ने छह लोगों को संदिग्ध मानकर उठाया था। बाद में जब उन लोगों ने रिकार्ड प्रस्तुत किए तो बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

पुलिस की तीन टीमों के साथ करीब 200 से अधिक जवान इस सर्चिंग अभियान में चल रहे थे। उधर थाना मोहन नगर के वाम्बे आवास



उरला, थाना सुपेला क्षेत्र के करबला मैदान और थाना पुरानी भिलाई क्षेत्र के हथखोज, पुरैना,वाम्बे आवास (बजरंग पारा) में रह रहे नागरिकों की जांच की गई । एसएसपी विजय अग्रवाल ने आतंकवादी हमले के बाद बैठक लेकर यहां रह रहे विदेशी नागरिकों की जांच के निर्देश दिए थे। इसके तहत भिलाई-3 क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर, दुर्ग सुखनंदन राठौर के नेतृत्व में हथखोज, पुरैना, वाम्बे आवास (बजरंग पारा) में 250 व्यक्तियों की जांच की गई। इनमें 5 संदिग्ध पाए जाने पर इनके विरूद्ध 128 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर इनके फिंगर प्रिंट लिए गए। एक दुपहिया वाहन को भी जप्त किया गया। सुपेला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आईयूसीएडब्ल्यू, पद्मश्री तंवर के नेतृत्व में करबला मैदान में रह रहे 300 नागरिकों के आधार कार्डौर जरूरी रिकॉर्डों की जांच की गई। छह संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध 128 बीएनएसएस के तहत कार्यवाई की और इनके फिंगर प्रिंट लिए गए । इसी तरह मोहन नगर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण अभिषेक झा की टीम ने वाम्बे आवास में रह रहे 600 व्यक्तियों की जांच की गई। तीन संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ धारा 128 बीएनएसएस के अन्तर्गत कार्रवाई की गयी। इस दौरान 5 फरार वारंटियों और छिनैती के सामान के साथ 2 व्यक्तियों गिरफ्तार किया गया।

### सुपेला संडे बाजार: सड़क पर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** भिलाई निगम ने रविवार की सुबह 7 बजे ही सुपेला संडे बाजार में सड़क के ऊपर बैठकर व्यापार करने वालों पर कार्रवाई की है। एक दिन पहले ही सभी को चेतावनी दी गई थी कि कोई भी सड़क के ऊपर बैठकर सामानों का बिक्री नहीं करेगा। फिर भी फुटकर व्यापारी पसारा लगाने वाले, फेरी वाले, कपड़ा बेचने, फल बेचने, जूता चप्पल, सामान बेचने वाले सभी ने सड़क के ऊपर सामान रखकर बिक्री कर रहे थे। नगर निगम की टीम वहां पहुंची कई व्यवसाई भाग निकले, जो पकड़ में आए उनका 5600 का चालान काटा गया। साथ ही समझाइश दी गई कि सभी लोग अपने हद में रहे। जितना उनको मार्किंग करके जगह दी गई है, उतनी जगह में सामान रखकर व्यापार करें । स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण की वजह से वहां के हालत ऐसे हो जाते है कि अगर दिन में एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड लेकर के जाना पड़ जाए तो वह अतिक्रमणकारियों की वजह से निकल नहीं सकते हैं। निगम ने मोनू आहता सेंटर, सीताराम आहता सेंटर, जानकी साहू किराना स्टोर, से सिंगल युज प्लास्टिक प्लास्टिक का उपयोग करना एवं सड़क बाधाशूल ले करके रसीद दी।

# सुशासन आवेदन पर अपर कलेक्टर ने ली बैठक और निराकरण के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने हेतु आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विभागवार प्राप्त आवेदनों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत कुल प्राप्त आवेदन, निराकृत आवेदन और लंबित आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक विभाग द्वारा आवेदनों पर किए गए निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का निराकरण नियमानुसार और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।

कौशिक ने कहा कि आवेदकों की समस्याओं का समाधान उनकी संतुष्टि को ध्यान में रखकर किया जाए ताकि सुशासन तिहार का उद्देश्य सार्थक हो सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जिन आवेदनों का निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है उन्हें वगएँ—त कर शासन स्तर पर भेजा जाए और इसकी जानकारी आवेदकों को दी जाए। इसके अतिरिक्त सभी आवेदनों के निराकरण की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।



बैठक में राजस्व, पंचायत, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, जल संसाधन, आदिवासी विकास, कृषि, शिक्षा आदि विभागों से संबंधित आवेदनों की प्रगति पर चर्चा हुई। अपर कलेक्टर कौशिक ने लंबित आवेदनों के कारणों का विश्लेषण कर उसका समय पर कार्रवाई करते हेतु निराकरण करने की बात कही। कौशिक ने कहा कि 'सुशासन तिहार 2025' शासन की जनता के प्रति जवाबदेही को दर्शाता है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक आवेदन का निराकरण न केवल समयबद्ध हो बल्कि यह आवेदकों के लिए संतोषजनक भी हो। सभी विभाग इस दिशा में समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि आगामी समाधान शिविरों में अधिक से अधिक आवेदनों के निराकरण की जानकारी लोगों को प्रदान की जाए।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी समीक्षाएं और जनसंवाद को सशक्त करना है। इस अभियान के पहले चरण में 08 से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम पंचायतों नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में समाधान पेटियों के माध्यम से नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है जबकि तीसरे चरण में 05 मई से 31 मई 2025 तक समाधान शिविरों का आयोजन होगा।

---

एक लीटर कैरोसीन लेने ग्रामीणजन व निराश्रित व दिव्यांग को राशन हो रही परेशानी

# भाजपा ने सुशासन तिहार मनाया और अधिकारियों के कदम गांवों में नहीं पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

केन्द्र सरकार या राज्य सरकारे कितने भी विकास के दावे कर ले, लेकिन जमीनी स्तर पर विकास दिखाई नही देता है, प्रदेश की भाजपा सरकार ने सुशासन त्यौहार मनाया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियो को गावों में कदम नही पड़ते है, पिछड़ा, मजदुर, गरीब व आमआदमी अपनी जरुरतो को पुरा करने के संघर्श कर रहा है, लेकिन सरकार सिर्फ विकास के दावे कर रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में शासकीय उचित मुल्य की दुकान में राशन भले ही सस्ता मिलता है, लेकिन ग्रामीणों को दो किमी मीटर दूर जाकर राशन लाना मजबुरी है, वही सर्वर डाउन हो तो खाली हाथ आना पड़ता है, ऐसा ही दंश ग्राम पंचायत चीरचार के आश्रित ग्राम बम्हनी के ग्रामीण झेल रहे है, जिसके कारण कई सरकारी योजना का लाभ सहित राशन लेने दुसरे गांव जाना ढेढ़ी खीर साबित हो रही है।





**बम्हनी को दो दशक बाद भी नही मिली सुविधा, लगभग 1000 जनसंख्या में 230 राशनकार्ड:** विकासखंड गुण्डरदेही के पुर्व में खुरसुनी पंचायत के आश्रित ग्राम बह्म्णी को सन्‌ 1990 में चीरचार के साथ आश्रित ग्राम में जोड़ दिया, लगभग 22 वर्श हो गये, लेकिन कई सुविधा के लिए चकवा पक्षी की तरह सिर्फ टकटकी लगाये रहना मजबुरी बन गई, गांव विकास व सुविधा के लिए तरस रहा है। वही ग्रामीण प्रमुख रामसाय देवागन ने कहा कि क्षेत्र जनप्रतिनिधियों को बम्हनी को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग किये, क्योकि बहम्णी में 916 जनसंख्या व 146 राशनकार्ड धारी है, राशन लेने व एक लीटर कैरोसीन लेने ग्रामीणजन व निराश्रित व दिव्यांग को राशन लेने में दिक्कत होती है।

### दिव्यांग ट्राइसिकल से जाते है राशन लेने चीरचार

48 वर्शीय यादव दोनो पैर से दिव्यांग है, जमीन पर हाथो के सहारे घसीटकर चलते है, वही बीमार रहते है, लेकिन सिस्टम ही पुरी तरीके से दिव्यांग साबित हो रही है, बायोमैट्रिक व आधार कार्ड सिस्टम के कारण कैरोसीन व राशन के लिए दो बार फेरे लेने पड़ते है। वही हद्य यादव ने प्रशासन से मांग किया, बम्हनी में राशन वितरण किया जाए, चुकि बारिश व गर्मी में आना जाना लोहे के चने चबाने जैसा साबित होता है। वही सेवानिवृत शिक्षक द्वारिका पटेल व ग्राम प्रमुख रामसाय पटेल ने राशन दुकान उपकेन्द्र खोलने की मांग है।

### राशन दुकान की मांग की

ग्राम पंचायत चीरचार के सरपंच कचरा बाई साहू ने बताया कि बम्हनी में ग्रामीणो को राशन मिले, इसके लिए संबधित अधिकारीयो को अवगत करा चुके है, अनुमति नही मिली, ग्रामीणों को राशन वितरण सुविधा जल्दी मिले।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने के बाद दी जान से मारने की धमकी

**भिलाई।** जामुल थाना अंतर्गत एसीसी चौक पर स्थित विष्णु की दुकान के सामने आरोपित ने फरियादी के साथ मारपीट कर चाकू से घायल कर दिया है। पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह 11.45 पर एसीसी चौक पर सुरेश सोनी दुकान के पास बैठा हुआ था। तभी आरोपी शंभू यादव सात से आठ लोगों के साथ आया। उसने करीब 10 मिनट तक फरियादी सुरेश सोनी के साथ मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी दी। सुरेश के हाथ के अंगूठा चाकू के वार से कट गया। जामुल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी का कहना है कि वह बसंल कंपनी में गैस कटिंग का काम करता है।

### पुलिस ने नियमों के पालन का पाठ पढ़ाया

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने व्यापारियों को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाने के बाद सड़क पर अतिक्रमण सामन न रखने की चेतावनी दी। उधर जुनवानी क्षेत्र में मॉडिफाई वाहनों के संचालन की शिकायत भी पुलिस को मिली। उसके बाद पुलिस ने 20 वाहनों की जांच की। 14 वाहन चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहे थे। जिन पर भी कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को इंदिरा मार्केट क्षेत्र में पटेल चौक से फरिस्ता कॉप्लेक्स तक नो -पार्किग में खडे दो पाहिया वाहनों को क्रेन से उठाकर यातायात कार्यालय दुर्ग जोन में पहुंचाया गया। वहीं दूसरी ओर ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले चार पहिया वाहनों में लॉक लगाने की कार्रवाई भी की गई। जिले के प्रमुख मार्गो पर लगातार 4 दिनों से शाम छह बजे से देर रात तक शराब पीकर वाहन चलाने वालो और लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। बीती रात 14 लोग नशे की हालत में वाहन चलाते पुलिस को चैकिंग के दौरान मिले। पुलिस ने उन वाहनों को जप्त कर आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजा गया। पिछले 4 दिनों में 27 वाहन चालकों को न्यायालय पेश किया गया।

### स्कूटी से पहुंचे खमरिया-जुनवानी, गली मोहल्ले में बैठकर पूछी समस्याएं



**भिलाई।** स्कूटी से वार्ड की गलियों-मोहल्ले होते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन खमरिया जुनवानी में घर घर सम्पर्क कर न केवल लोगों से समस्याओं की जानकारी ले रहे हैं बल्कि अनेक दिक्कतों के फौरी निराकरण के लिए पहल भी उनके द्वारा की जा रही है। उन्होने जुनवानी के मोहल्ले में सड़क, नाली सहित पानी निकासी व्यवस्था जांचते हुए एसबीआई बैंक कालोनी, सतनामी पारा, शीतला तालाब, खमरिया भाठा क्षेत्र में लोगों से मुलाकात की। सेन ने 15 अप्रैल से स्कूटी से वार्ड सम्पर्क अभियान प्रारंभ किया है । एसबीआई कालोनी जुनवानी में स्ट्रीट रोड और नाली दोनों का निर्माण होना है। कई जगह सीमेंट की सड़क तो बन गई लेकिन पानी निकासी के लिए नाली का कार्य शुरू न होने पर निगम जोन आयुक्त से नाराजगी जताते हुए विधायक सेन ने इस बावत इंजीनियर की क्लास लगाने कहा।

आयोजन

तहसील स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावी एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया

# गायत्री शक्ति पीठ के सम्मान समारोह में बच्चों स्वागत व प्रज्ञा गीत की प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार एवं गायत्री शक्तिपीठ गुरुर द्वारा तहसील स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियो का सम्मान कार्यक्रम श्री राम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में रखा गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद चेमन देशमुख थे।

अध्यक्षता जिला सहसमन्वयक गायत्री परिवार जिला बालोद दशरथ कलिहारी ने किया। अति विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर कौशल साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर ईशाप्रकाश साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद चंद्रिका गजीर, सदस्य जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर दुर्गानंद साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर आनंद शर्मा, अध्यक्ष भाजपा मंडल पुरुर टुकेश्वर पांडे, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाल देवांगन, प्रांतीय प्रतिनिधि गायत्री परिवार चमपेश्वर साहू एवं गुरुर ब्लॉक के समस्त जनपद सदस्य, नगर पंचायत के समस्त पार्षद और गुरुर ब्लॉक के समस्त सरपंच के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी अतिथियों द्वारा मां गायत्री की तैल चित्र पर माला अर्पण कर पूजा आराधना किया गया, सभी अतिथि और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत सम्मान किया गया, बाल संस्कार शाला बोहारडीह के बच्चों द्वारा स्वागत गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया। आचार्य झम्मन साहू की टोली ने प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किया। गायत्री शक्तिपीठ गुरुर के समन्वयक धनसिंग गंजीर ने गायत्री मंदिर की गतिविधि के बारे में जानकारी दी।



भोलेश्वर सिन्हा ने गायत्री शक्तिपीठ गुरुर के प्रांगण पर टीन शेड एवं अन्य विकास कार्य के लिए अतिथियों से मांग रखा, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह में कक्षा पांचवी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों को जो ब्लॉक में पहला, दूसरा, तीसरा प्राप्त किए हैं, उनको पुरस्कार वितरण किया गया, साथ ही अभिभावक और शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि चेमन देशमुख ने कहा गायत्री परिवार व्यक्ति निर्माण परिवार निर्माण और समाज निर्माण का एक बहुत ही अच्छा संस्था है इससे हमारा परिवार सुख शांति और समृद्ध रहता है, हम सत मार्ग पर चलकर समाज की सेवा करें, गायत्री परिवार की ओर से जो मांग किया था उसके लिए 7 लाख राशि का घोषणा किया सभी अतिथियों ने मार्गदर्शन किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी धनसिंग गंजीर, डॉ गोपाल साहू, रोहित कुमार साहू, यादव राम साहू, नरेंद्र कुमार साहू, मनीष कुमार, क्षेत्रीय चित्ररेखा नागवंशी, दिलीप निर्मलकर, भोलेश्वर सिन्हा, डॉ हरिकृष्ण गंजीर, यादव राम साहू, हरिराम साहू, लेख राम साहू, रामजी साहू, यशवंत साहू, नरेश कुमार साहू, चिंताराम साहू, वरुण कुमार साहू, द्वारिकानाथ ठाकुर, चंद्र प्रकाश गजीर, जगमोहन साहू, नामदेव साहू, द्वारिकानाथ स्लेखा साहू, केजू राम, बहुर सिंग साहू, बालाराम साहू, पूर्णा हिरवानी, मिलापा साहू, हेमराज साहू, नीतू ग्वाल, मृत्युंजय यादव एवं गायत्री शक्तिपीठ के समस्त परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन अजय वर्मा और रोहित कुमार साहू और डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने किया और कार्यक्रम का आभार सहसमन्वयक गायत्री शक्तिपीठ गुरुर डॉ गोपाल साहू ने किया।

### भाजपा नेता देवेन्द्र जायसवाल ने की कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात

**डौंडी लोहारा।** पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र जायसवाल ने सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नव नियुक्त बालोद कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा से सौजन्य मुलाकात कर अपना परिचय दिया, इस अवसर पर डौंडी लोहारा के युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र निषाद भी रहे मौजूद थे।

जायसवाल ने बताया कि कलेक्टर के आने के बाद मेरी पहली मुलाकात है, इस मुलाकात को औपचारिक बताया और कहा एक महिला कलेक्टर के आने से जिले में रुके हुए कार्यो में तेजी आयेगी। आगे उन्होंने ने बताया डौंडीलोहारा क्षेत्र में आज जल की बड़ी समस्या है जिसके लिये हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं ,नये नगर पंचायत अध्यक्ष को मार्गदर्शक के रूप में एक नई दिशा देकर पूरे क्षेत्र एवं नगर की विकास व समस्याओं से रूबरू करवाया जिसे कलेक्टर महोदया ने संज्ञान में लेकर उचित मार्गदर्शन का लाभ जनता को देगी ऐसा स्वीकार किया गया।

# मन की बात सुनने के बाद किया सकोरा का वितरण



**अंडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का पूरे देश में प्रसारण हुआ पुलगांव में भी मन की बात को जनमानस तक पहुंचाने के लिए भाजपा के वरिष्ठ लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु दुबे) ने भाजपा कार्यकर्ताओं व आम जनमानस के साथ बैठकर कार्यक्रम मन की बात सुनी कार्यक्रम के समापन के तत्पश्चात सभी को सकोरा (चिड़िया का पानी पीने का पात्र) वितरण किया गया ।

दुबे ने बतलाया कि बढ़ती गर्मी की वजह से पशु पक्षी प्यास से मर जा रहे हैं लू लगने की संभावना काफी बढ़ जाती है उसे हमे बचाने के लिए आगे आना होगा। नागरिको एवं युवा पीढ़ी से गर्मी के दिनों में अपने छत पर चिड़ियों के लिए पानी रखने की बात कही

भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने अपने छत पर चिड़ियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया उक्त अवसर पर मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी गोकुल साहू दिनेश यादव राहुल तिवारी ओमप्रकाश देशमुख ,पवन चक्रधारी गणपत साहू ,पिंटू मांडवी संदीप निषाद एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### मोहारा में लोगों ने सुनी मन की बात

**गुरूर।** भाजपा शक्ति केंद्र मोहारा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, पूर्व जनपद सदस्य रुखमती गंजीर, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तेलियासी, हेमलाल सिन्हा, पंचूराम निर्मलकर, चोवा राम धनकर, दुलेश्वरी साहू, पंच श्यामा साहू, पूर्व पंच जोहनी साहू एवं भारतीय जनता पाटएँ के कायकर्ता एवं माताएं उपस्थित थे।



# कोड़िया हायर सेकंडरी स्कूल में चलाया गया सड़क सुरक्षा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों एवं ग्रामीण जनों को जागरूक करने का किया गया प्रयास

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों एवं ग्रामीण जनों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य कार्य सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से किया गया। शाला के प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह देशमुख द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई।





उन्हें विभिन्न सामान्य जानकारी देते हुए कहा गया कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का खुद पालन करना एवं अपने परिवारजनों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराये शाला परिसर में सड़क सुरक्षा नियमों को विभिन्न बिंदुओं में लिखकर चस्पा किया गया है। सभी कार्यक्रमों के आयोजन की प्रभारी दानेश्वरी सिन्हा ने किया दिया गया। शाला के पीटीआई सुनील डडसेना का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के व्याख्याता शीला चंद्रा, डॉक्टर रूपमती साहू, प्रीतम देवांगन, वेदिका साहू, डॉ सरोज साहू, रीना पिलोदिया, हर्षा महलवार, प्रीति सलाम, समीर भेलवा, वीरेंद्र गजपाल, टी एन साहू, हिरेंद्र साहू व सुनीता साहू की सक्रिय सहभागिता रही।

# गोंडवाना भवन में की गई भाजपा मण्डल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

भाजपा मण्डल की बैठक स्थानीय गोंडवाना भवन में योगेंद्र सिन्हा गांधी भाजपा मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता का छाया चित्र का पूजन किया, उक्त बैठक में भाजपा संगठन के बाद निर्देश पर आने वाले समय के कार्यक्रम पर चर्चा हुई व शक्ति केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति किया गया जिससे विधानसभा के बूथों तक भाजपा के कार्यकर्ता घर घर जा के केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंच जा सके। शक्ति केंद्र चिखलाकसा मे हितेश साहू, चिपरा बलवंत साहू गुजरा शिवराम सिन्द्रामे पथरा टोला से अब्दुल इब्राहिम, घोटिया, संतोष जैन बेलोदा शशिकांत निषाद,



कुसुमकसा, गोपाल साहू बिटाल लता पथोड़े कृष्ण कांत साहू भैस बोड से मिथेद्र वैष्णव खलारी से पोषण लाल भुआर्य को शक्ति केंद्र मे जा के सभी बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर शक्ति केंद्र प्रभारी की नियुक्त करें।

इस बैठक में चिखलाकसा नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती कुंती देवांगन उपाध्यक्ष राजू रावटे पूर्व सरपंच शिवराम सिन्द्रमे पूर्व उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम भरत पटेल पार्षद भिखी मसिया, लीला डड़सेना, हेम कुंवर तारम संध्या शर्मा, ताराचंद पैथोडे, लल्लू राम टेकाम, शांतनु मेश्राम पार्षद व भाजपा नेता कृष्णकांत साहू, बलवंत साहू, पोषण भुआर्य, गुलशन कोठारी, नोहरू कोठारी, वरिष्ठ भाजपा नेता तुलसी सिन्हा विजय डडसेना, गोविन्द संगीता साहू, आशा बाई, नीलिमा भारद्वाज, हेमीन चंद्राकर, गनेश्वरी यादव, घमीन बाई व आरती पांडे कार्यक्रम का संचालन हितेश डोगरे व मंडल अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।

# सशिमं करहीभदहर में अरुण से नवम तक के परीक्षा परिणामों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सरस्वती शिशु मंदिर मुक्ताश्रम हथौद करहीभदर में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। महर्षि मुक्त शिक्षण समिति हथौद द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्ताश्रम हथौद करहीभदर में सेवा निवृत्त शिक्षक गोविन्द राम साहू, व्यवस्थापक ओमप्रकाश गजेन्द्र, अध्यक्ष जागेश्वर सिंह साहू, सेवा निवृत्त व्याख्याता डीआर.यादव, सहायक परियोजना अधिकारी बालोद गैंदलाल खुरश्याम, समिति सदस्य तोषण साहू, सेवा निवृत्त व्याख्याता एलसी.धनकर के आतिथ्य में प्राचार्य पवन कुमार साहू द्वारा कक्षा अरूण से नवम तक का शिक्षा सत्र 2024–25 का परीक्षा परिणाम किया गया।



जिसमें कक्षा अरूण में सोनल साहू, मुस्कान साहू, डीत्या डड़सेना 99 प्रतिशते प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। अलीशा यारदा, पेहूल साहू, हिमांशु साहू 98 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा उदय में कमोक्षिता 99.5 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, धवल कुमार 98 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा प्रथम में गोपिका साहू 100 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, तेजांशी साहू, आरशी यादव 99 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे।

कक्षा द्वितीय में कशिश कुमार, इशिका ठाकुर 99ः प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, हितिशा 98 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा तृतीय में योगांश सिन्हा और हर्षिता साहू 99.5 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, मितेश कुमार ठाकुर 98 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा चतुर्थ में वंशम सोनी 98.5 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, निकिता ठाकुर 97 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे।

कक्षा षष्ठम में सिद्धार्थ बारला 95.83 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, खुशी यादव 93.83 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा सप्तम में गगनदीप साहू 99.16 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, डॉली धनकर 98.33 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा नवम में यमन कुमार 89.83 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, शुभम सिन्हा 89.66 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। परीक्षा में स्थान प्राप्त किये भैया, बहनों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### लोक गायक तुषांत बारले को मिला कला साधक सम्मान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के युवा लोक गायक तुषांत बारले को उनकी कला साधना के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं कांकेर सांसद भोजराज नाग ने कला साधक सम्मान प्रदान किया है। ग्राम भेंडरा खपरी बालोद में मिनीमाता मूर्ति अनावरण समारोह में उन्हें यह सम्मान दिया गया। तुषांत बारले छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पंथी कलाकार पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले के सुपुत्र हैं।

# सरपंच संघ का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ, ममता मंडावी बनीं अध्यक्ष



**डौंडी।** जनपद पंचायत डोडी में आज सरपंच संघ का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें 4 बार के सरपंच पंचायती राज़ के सशक्त महिला प्रतिनिधि ग्राम पंचायत गोटिया के सरपंच ममता मंडावी को निर्विरोध सरपंच संघ का अध्यक्ष बनाया गया, साथ ही ग्राम पंचायत भरीटोला 36 के सरपंच रेवा रावटे को सरपंच संघ का संरक्षक बनाया गया, निर्मला चुरेंद्र उपाध्यक्ष बनीं। ग्राम पंचायत बम्हनी, श्री यश कुमार राणा ग्राम पंचायत चिपरा उपाध्यक्ष, सचिव मुकेश कुमार तेता, कोपेडरा कोषाध्यक्ष हिंसा राम, नररटोला संगठन मंत्री श्रीमती अर्चना मरकाम, कोटागांव सरपंच हलदर गौर, मिडिया प्रभारी, कंवल सिंह कोलियार, प्रवक्ता श्रीमती चंद्रलेखा पायला जी बनाए गए साथ में 21सदस्यों का कार्यकारणी बनाया गया है, इस अवसर सरपंच गण उपस्थित रहे श्री जितेंद्र कोठारी, बाबूलाल सिहरे समेत 55 सरपंच उपस्थिति रहे।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




